Title: Regarding delay in payment of wages to the labourers of Cement Corporation of India.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि सीमेंट कार्पोरेशन आफ इंडिया में बहुत ज्यादा संख्या में मजदूर काम करते हैं, लेकिन उन्हें पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। दूसरी तरफ कार्पोरेशन के चेयरमैन और अधिकारी मजदूरों पर अत्याचार कर रहे हैं। चेयरमैन और बड़े-बड़े अधिकारियों पर भ्रटाचार के भी आरोप हैं जिनकी जांच चल रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि मजदूरों को शीघ्र तनख्वाह दी जाए और सीमेंट कार्पोरेशन आफ इंडिया के जिन बड़े-बड़े अधिकारियों के ऊपर जांच चल रही है उसकी ईमानदारी से तहकीकात की जाए ताकि भ्रष्टाचार दूर हो सके।